प्रैक्टिस सेट 20

01 सामान्य विज्ञान

1. जलीय तथा कीटभक्षी पौधा है
(a) यूट्रीकुलेरिया (b) डायोनिया
(c) ड्रोसेरा (d) इनमें से कोई नहीं

2. कपास के रेशे प्राप्त होते हैं
(a) आन्तरिक फलभित्ति से
(b) बाह्य दलपुंज से
(c) बीज के चोल से
(d) फलभित्ति से

3. निम्न में से किस पौधे के रन्ध्र दिन में बन्द और रात में खुलते हैं?
(a) वाटरलिली
(b) कैक्टस
(c) साइकस
(d) ऑर्किड

4. हमारे शरीर में नमक की मात्रा कितनी होती है?
(a) 1% (b) 2%
(c) 4% (d) 6%

5. जब कोई कॉपर की प्लेट लम्बे समय तक नम वायु में खुली रखी रहती है, तो इस पर एक हल्की हरी परत जम जाती है। यह हरा पदार्थ होता है
(a) कॉपर कार्बोनेट और कॉपर सल्फेट का मिश्रण
(b) कॉपर सल्फेट
(c) कॉपर हाइड्रॉक्साइड और कॉपर सल्फेट का मिश्रण
(d) कॉपर कार्बोनेट और कॉपर हाइड्रॉक्साइड का मिश्रण

6. प्रतिरोध e वाले किसी प्रतिरोधक तार के सिरों का विभवान्तर नियत रखने पर तार में उत्पन्न ऊष्मा अनुक्रमानुपाती होगी
(a) e (b) $\frac{1}{\sqrt{e}}$
(c) $\frac{1}{e}$ (d) e^2

7. कौन-सा ऊतक शरीर के विभिन्न भागों में फैला होता है तथा शरीर के विभिन्न भागों को बनाता है?
(a) संयोजी ऊतक (b) तन्त्रिका ऊतक
(c) एपीथीलियम ऊतक (d) पेशी ऊतक

8. ABO खून प्रणाली का आविष्कार किसने किया था?
(a) कार्ल कोल्लर (b) मॉरिस हिल्लेमन
(c) कार्ल लैण्डस्टीनर (d) एडवर्ड जेनर

9. अण्डा निम्न में से किसका उत्तम स्रोत है?
(a) वसा का (b) प्रोटीन का
(c) तन्तुओं का (d) कार्बोहाइड्रेट का

10. केले के पौधे की जड़ है
(a) श्वसन मूल (b) आरोही मूल
(c) अवस्तम्भ मूल (d) अपस्थानिक मूल

11. निम्नलिखित में से द्विबीजपत्री कौन है?
(a) घास (b) आम
(c) मक्का (d) ये सभी

12. निम्न में से कौन-सा पदार्थ जल में घुलनशील नहीं है?
(a) एल्कोहॉल (b) दूध
(c) शहद (d) तेल

13. निम्न में से कौन-सा व्युत्क्रमी परिवर्तन नहीं है?
(a) भाप का संघनन
(b) जल से भाप
(c) कैरोसिन का जलना
(d) लोहे का पिघलना

14. सिलिकॉन तथा ..... क्वार्ट्ज के अवयव है।
(a) ऑक्सीजन (b) सल्फर
(c) नाइट्रोजन (d) हाइड्रोजन

15. अशुद्धि से पूर्ण रूप से मुक्त परम शुद्ध जल को कहा जाता है
(a) आसुत जल (b) उबला हुआ जल
(c) खनिज जल (d) भारी जल

16. सामान्यत: उपयोग होने वाले निम्नलिखित किस ईंधन का ऊष्मीय मान अधिकतम है?
(a) सम्पीड़ित प्राकृतिक गैस (CNG)
(b) डीजल
(c) द्रवित पेट्रोलियम गैस (LPG)
(d) पेट्रोल

17. प्रोटिस्टा जगत् से सम्बन्ध रखने वाले समस्त जीवधारी होते हैं
(a) एककोशीय तथा यूकैरियोटिक
(b) एककोशीय तथा प्रोकैरियोटिक
(c) बहुकोशीय तथा प्रोकैरियोटिक
(d) बहुकोशीय तथा यूकैरियोटिक

18. एक कंघी के द्वारा कागज के छोटे टुकड़ों को आकर्षित करने का क्या कारण है?
(a) गुरुत्वीय बल (b) घर्षण जनित बल
(c) चुम्बकीय बल (d) स्थिर विद्युतिकीय बल

19. राइबोसोम का मुख्य कार्य क्या है?
(a) कार्बोहाइड्रेट्स का संश्लेषण
(b) वसा का संश्लेषण
(c) प्रोटीन का संश्लेषण
(d) प्रकाश-संश्लेषण

20. निम्न में से कौन-सा सूत्र ओजोन का गुण दर्शाता है?
(a) O_2 (b) O_3
(c) H_2O_2 (d) इनमें से कोई नहीं

21. बल को मापा जा सकता है
(a) स्प्रिंग तुला के प्रयोग द्वारा
(b) बैटोमीटर द्वारा
(c) कैलोरीमीटर द्वारा
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

22. फूल का चमकीला तथा आकर्षक भाग निम्नलिखित में से कौन-सा है?
(a) पुष्प वृन्त (b) दलपुंज
(c) दल (d) बाह्य दल

Scanned by CamScanner

23. नीचे कुछ रासायनिक प्रक्रियाएँ दी गई हैं
I. लोहे पर जंग लगना
II. मोमबत्ती का जलना
III. श्वसन
IV. प्रकाश-संश्लेषण
इनमें से कौन-से दो धीमे दहन को दर्शाते हैं?
(a) II और IV (b) I और III
(c) IV और I (d) II और III

24. प्राकृतिक चुम्बक का उदाहरण है
(a) लोहा (b) कोबाल्ट
(c) चुम्बक पत्थर (d) ये सभी

25. रुधिर संवहन जो कोशिकाओं से आरम्भ होकर कोशिकाओं में ही समाप्त हो जाता है, कहलाता है
(a) वृक्कीय संवहन
(b) लसिका संवहन
(c) यकृतीय संवहन
(d) निवाहिका संवहन

02 गणित

26. सबसे छोटी संख्या क्या है, जिसमें 3 जोड़ने पर वह 27, 35, 25 और 21 से विभाज्य हो?
(a) 4722 (b) 4725 (c) 4728 (d) 4731

27. चार संख्याएँ 1 : 3 : 4 : 7 के अनुपात में हैं, जिनका योग 105 है। सबसे बड़ी संख्या का पता लगाइए
(a) 42 (b) 35 (c) 49 (d) 63

28. एक लड़के को एक संख्या को 53 से गुणा करने के लिए कहा गया था। उसने गलती से उसे 35 से गुणा किया और उसका जवाब सही जवाब से 1206 कम हुआ। वह संख्या क्या है?
(a) 76 (b) 67 (c) 72 (d) 75

29. P और Q एकसाथ 36 दिन में किसी कार्य को पूरा कर सकते हैं। जब एकसाथ 30 दिन तक कार्य करने के बाद, Q कार्य छोड़ देता है तथा शेष कार्य P, 10 दिन में पूरा करता है, तो अकेले Q कितने दिन में उस कार्य को पूरा कर सकता है?
(a) 45 दिन (b) 60 दिन (c) 75 दिन (d) 90 दिन

30. ₹680 को P, Q और R के बीच इस प्रकार विभाजित किया गया है कि P को Q का $\frac{2}{3}$ हिस्सा मिलता है और Q को R का $\frac{1}{4}$ हिस्सा मिलता है। R को कितने रुपये मिलते हैं?
(a) ₹480 (b) ₹300 (c) ₹420 (d) ₹360

31. यदि $A : B = 2 : 3$ और $B : C = 4 : 5$ है, तो $A : B : C$ का मान है
(a) 8 : 6 : 9 (b) 8 : 12 : 15
(c) 6 : 9 : 15 (d) 8 : 6 : 15

32. एक बोतल के 49 लीटर के मिश्रण में शहद और पानी 5 : 2 के अनुपात में है। इस मिश्रण में शहद और पानी का अनुपात 7 : 4 बनाने के लिए और कितना पानी मिलाया जाना चाहिए?
(a) 3.5 लीटर (b) 6 लीटर
(c) 7 लीटर (d) 8 लीटर

33. एक व्यापारी के पास 50 कुन्तल चीनी है, जिसमें से वह कुछ भाग 8% लाभ पर और शेष भाग 18% लाभ पर बेचता है। उसे कुल 14% लाभ होता है। 18% लाभ पर बेची गई चीनी की मात्रा का पता लगाइए
(a) 30 कुन्तल (b) 25 कुन्तल
(c) 20 कुन्तल (d) 15 कुन्तल

34. निम्नलिखित को सरल बनाइए
$1 \div [1 + 1 \div \{1 + 1 \div (1 + 1 \div 2)\}]$
(a) $\frac{8}{5}$ (b) $\frac{6}{5}$
(c) $\frac{5}{8}$ (d) $\frac{3}{2}$

35. 1166400 के वर्गमूल में अंकों की संख्या कितनी है?
(a) 5 (b) 3
(c) 6 (d) 4

36. एक वर्ग के प्रत्येक पक्ष में 10% की वृद्धि हुई है, तो उसके क्षेत्रफल की वृद्धि होगी
(a) 10% (b) 21%
(c) 44% (d) 100%

37. एक गृहस्थ ने एक बैंक में ₹1200 जमा करके कुछ वर्षों के बाद बैंक से ₹1800 प्राप्त किए। यदि बैंक प्रतिवर्ष 10% साधारण ब्याज का भुगतान करती है, तो कितने वर्ष के लिए पैसा बैंक में रखा गया था?
(a) 5 (b) 4
(c) 10 (d) 6

38. 12 भैंस एकसाथ 7 दिनों में 756 किग्रा घास खाती हैं। 10 दिनों में 15 भैंसों द्वारा कितनी घास खाई जाएगी?
(a) 1500 किग्रा
(b) 1200 किग्रा
(c) 1350 किग्रा
(d) 1400 किग्रा

39. एक संख्या के 75% में 75 जोड़ने से वह उस संख्या के बराबर होती है। वह संख्या क्या है?
(a) 100 (b) 200
(c) 300 (d) 400

40. दो संख्याओं के महत्तम समापवर्तक और लघुत्तम समापवर्त्य क्रमशः 12 और 336 हैं। एक संख्या 84 है, तो दूसरी संख्या कितनी है?
(a) 36 (b) 48
(c) 72 (d) 96

41. एक कमरे की लम्बाई, चौड़ाई और ऊँचाई क्रमशः 5 मी, 4 मी और 3 मी है। कमरे में पूरी तरह से रखी जा सकने वाली छड़ की लम्बाई है
(a) 5 मी (b) 60 मी
(c) 7 मी (d) $5\sqrt{2}$ मी

42. 24 छात्रों और प्राचार्य की औसत आयु 15 वर्ष है। यदि प्राचार्य को समूह से बाहर रखा जाता है, तो औसत आयु 1 वर्ष से कम हो जाती है। प्राचार्य की आयु क्या है?
(a) 38 वर्ष (b) 40 वर्ष
(c) 39 वर्ष (d) 41 वर्ष

43. एक रेलगाड़ी 8 सेकण्ड में एक व्यक्ति को पार करती है। यदि रेलगाड़ी की गति 36 किमी/घण्टा है, तो रेलगाड़ी की लम्बाई कितनी है?
(a) 90 मी (b) 85 मी
(c) 80 मी (d) 70 मी

44. वर्तमान में माया और छाया की आयु का अनुपात 6 : 5 है। अब से पन्द्रह वर्ष बाद अनुपात 9 : 8 में बदल जाएगा, तो माया की वर्तमान आयु क्या है?
(a) 24 वर्ष (b) 30 वर्ष
(c) 18 वर्ष (d) 33 वर्ष

45. चीनी का भाव 40% बढ़ जाने से कोई परिवार चीनी का उपभोग कितने प्रतिशत कम कर दे, ताकि परिवार का खर्च न बढ़े?
(a) $27\frac{4}{7}$ (b) $28\frac{4}{7}$ (c) $29\frac{4}{7}$ (d) $30\frac{4}{7}$

46. ₹3200 का 10% प्रतिवर्ष चक्रवृद्धि ब्याज की दर से कितने समय में चक्रवृद्धि ब्याज ₹672 हो जाएगा?
(a) $2\frac{1}{2}$ वर्ष (b) $1\frac{1}{2}$ वर्ष (c) 2 वर्ष (d) $3\frac{1}{2}$ वर्ष

47. इस पाई-चार्ट का सावधानीपूर्वक अध्ययन करके इससे सम्बन्धित नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

किसी परिवार के विभिन्न मदों पर खर्च

Scanned by CamScanner

यदि भोजन पर खर्च ₹750 प्रतिमाह हो, तो बच्चों की शिक्षा पर वार्षिक व्यय कितने रुपये होगा?
(a) ₹2150 (b) ₹1022
(c) ₹2250 (d) ₹1400

48. यदि किसी संख्या का घन किया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-से अंक इकाई स्थान पर हो सकते हैं?
(a) 1 (b) 8
(c) 0 से 9 तक कोई भी (d) 9

49. 2^{50} का दोगुना कितना होगा?
(a) 2^{51} (b) 2^{99} (c) 2^{200} (d) 2^{55}

50. 0.5 ÷ 0.125 का मान बताइए
(a) 0.625 (b) 0.575
(c) 0.0575 (d) 4

03 सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति

निर्देश (प्र.सं. 51-53) *निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित अक्षरों/संख्याओं/शब्दों को चुनिए।*

51. RVLP : SWMQ :: GLKP : ?
(a) HMLQ (b) FKSQ
(c) HQLM (d) HMST

52. 3 : 30 :: 7 : ?
(a) 340 (b) 350
(c) 310 (d) 320

53. शैवाल विज्ञान : शैवाल :: ?
(a) स्राव प्रकरण विज्ञान : उभयचर
(b) चन्द्रभूगोल विज्ञान : क्षरण-क्रिया
(c) रुधिर विज्ञान : रक्त
(d) कीट विज्ञान : मिट्टी

54. निम्नलिखित प्रश्न में एक कथन दिया गया है, जिसके आगे दो निष्कर्ष I और II निकाले गए हैं। आपको विचार करना है कि कथन सत्य है, चाहे वह सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको , र्णय करना है कि दिए गए कथन से कौन-सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष निकाला जा सकता है? अपने उत्तर को निर्दिष्ट कीजिए।
कथन मोटर चालकों को अपने वाहनों में पीछे निहारने के लिए चालक दर्पण अवश्य रखना चाहिए।
निष्कर्ष
I. वे अपने पीछे वाले यातायात को देख सकते हैं।
II. पीछे चलने वाले अन्य मोटर चालक उन्हें देख सकते हैं।
(a) केवल निष्कर्ष II अन्तर्निहित है
(b) न तो निष्कर्ष I और न ही II अन्तर्निहित है
(c) केवल निष्कर्ष I अन्तर्निहित है
(d) निष्कर्ष I तथा II दोनों अन्तर्निहित हैं

निर्देश (प्र.सं. 55 और 56) *नीचे एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए चार विकल्पों में से वह विकल्प चुनिए, जो अनुक्रम को पूरा करे।*

55. 55, 45, 36, ?, 21
(a) 30 (b) 26
(c) 32 (d) 28

56. AO, BM, CK, ?, EG
(a) DI (b) EH (c) EI (d) DH

57. दिए गए विकल्पों में से विषम संख्या युग्म को चुनिए
(a) 718-16 (b) 318-12
(c) 422-8 (d) 382-18

58. नीचे दो कथनों के आगे चार निष्कर्ष I, II, III व IV दिए गए हैं। आप सामान्यत: ज्ञात तथ्यों में अन्तर होने पर भी कथनों की पड़ताल, सत्य समझकर करें। आप तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा, यदि कोई हो, दिए गए कथनों से निकलता है?
कथन सभी क्लर्क टाइपिस्ट हैं। कुछ टाइपिस्ट स्टेनो हैं।
निष्कर्ष
I. कुछ स्टेनो क्लर्क हैं।
II. कोई स्टेनो क्लर्क नहीं है।
III. सभी टाइपिस्ट क्लर्क हैं।
IV. सभी क्लर्क स्टेनो हैं।
(a) या तो निष्कर्ष I या II निकलता है
(b) केवल निष्कर्ष IV निकलता है
(c) सभी निष्कर्ष निकलते हैं
(d) कोई भी निष्कर्ष नहीं निकलता है

निर्देश (प्र.सं. 59 और 60) *निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित अक्षरों/संख्याओं को चुनिए।*

59. EFGH : JJJJ :: ADMN : ?
(a) HHHH (b) FHOO
(c) FFFF (d) FHPP

60. 11 : 121 :: 111 : ?
(a) 12321 (b) 12421 (c) 1234 (d) 2314

निर्देश (प्र.सं. 61 और 62) *निम्नलिखित प्रश्नों में उस लुप्त अक्षर-संख्या युग्म/संख्या को चुनिए, जो अनुक्रम को पूरा करे।*

61. A3T, D7R, G16P, J35N, M74L, ?
(a) Q163R (b) N102L
(c) R126P (d) P153J

62. 1, 3, 8, 19, 42, ?
(a) 90 (b) 88
(c) 89 (d) 87

63. फर्नीचर, मेज तथा कुर्सी के आपसी सम्बन्ध को निरूपित करने वाले आरेख का चुनाव निम्नलिखित विकल्पों में से करें।



64. यदि '–' से अभिप्राय है भाग, '+' से अभिप्राय है गुणा, '÷' से अभिप्राय है घटाना, '×' से अभिप्राय है जोड़ना, तो निम्न समीकरणों में से कौन-सा सही है?
(a) 30 + 5 – 12 ÷ 8 × 12 = 70
(b) 30 – 5 + 12 ÷ 8 × 12 = 76
(c) 30 × 5 – 12 + 8 ÷ 12 = 60
(d) 30 ÷ 5 × 12 + 8 – 12 = 24

65. यदि REASON को सांकेतिक भाषा में 5 लिखा जाता है और BELIEVED को उसी सांकेतिक भाषा में 7 लिखा जाता है, तो उसी सांकेतिक भाषा में GOVERNMENT के लिए क्या संख्या होगी?
(a) 6 (b) 11 (c) 9 (d) 12

66. निम्न में से उस आरेख को चुनिए, जो दिए गए वर्गों के बीच सम्बन्ध को सही दर्शाता है।
गहने, सोना, चाँदी



67. मीनू, कल्पना से लम्बी है, लेकिन पूर्वी से नाटी है। गीता, प्राची से नाटी है और प्राची उतनी लम्बी नहीं है, जितनी कल्पना लम्बी है। यदि ये सभी ऊँचाई के क्रम में खड़ी हों, तो इनमें से मध्य में कौन होगी?
(a) गीता (b) पूर्वी
(c) कल्पना (d) मीनू

Scanned by CamScanner

68. यदि किसी सांकेतिक भाषा में BAD को YZW तथा SAME को HZNV लिखा जाता है, तो LOVE को उसी सांकेतिक भाषा में किस प्रकार लिखा जाएगा?
(a) POML (b) KNEV
(c) OJUC (d) OLEV

निर्देश (प्र.सं. 69 और 70) *निम्नलिखित विकल्पों में से विषम अक्षर/शब्द को चुनिए।*

69. (a) NPR (b) DCB
(c) RQP (d) HGF

70. (a) निदेशक (b) उत्पादक
(c) उद्यमी (d) निवेशक

71. सुरेश, मनीष से 314 दिन बड़ा है और सोनम, सुरेश से 70 सप्ताह बड़ी है। यदि सोनम का जन्म बुधवार को हुआ था, तो मनीष का जन्म किस दिन हुआ था?
(a) रविवार (b) मंगलवार
(c) सोमवार (d) बृहस्पतिवार

72. यदि किसी सांकेतिक भाषा में VICTORY को YLFWRUB लिखा जाता है, तो SUCCESS को उसी सांकेतिक भाषा में कैसे लिखा जाएगा?
(a) VYEEHVV (b) VXEEIVV
(c) VYEEIVV (d) VXFFHVV

73. B, D की माँ है और C, D का भाई है। H, E की बेटी है, जबकि D, E की पत्नी है, तब E, C से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) भाई (b) बहनोई
(c) चाचा (d) ससुर

74. नीचे एक ही पासे के चार प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे के 'दो' बिन्दुओं वाले फलक के सामने (विपरीत) फलक पर कितने बिन्दु होंगे?



(a) 4 (b) 2
(c) 5 (d) 6

75. दी गई प्रश्न आकृति को मोड़कर कौन-सी उत्तर आकृति बनाई जा सकती है?
प्रश्न आकृति



(X)

उत्तर आकृतियाँ



(a) (b) (c) (d)

76. शब्द DOUBTS में कितने ऐसे अक्षर युग्म हैं, जिनके मध्य उतने ही अक्षर हैं जितने अंग्रेजी वर्णमाला में होते हैं?
(a) तीन (b) एक भी नहीं
(c) एक (d) दो

77. 1000 व्यक्तियों पर सर्वे के दौरान हिन्दी, अंग्रेजी तथा संस्कृत जानने वाले व्यक्तियों का आरेख निम्न है



तीनों भाषाएँ जानने वाले तथा संस्कृत न जानने वालों का अनुपात क्या होगा?
(a) 10 : 17 (b) 5 : 27 (c) 1 : 9 (d) 1 : 10

78. घड़ी 7:30 बजे का समय दर्शा रही है। यदि मिनट की सूई पश्चिम दिशा की ओर है, तो घण्टे की सूई किस दिशा की ओर होगी?
(a) उत्तर-पश्चिम (b) दक्षिण-पूर्व
(c) उत्तर (d) उत्तर-पूर्व

79. विमल एवं कमल एक पंक्ति में क्रमशः बाएँ से 7वाँ एवं दाएँ से 13वाँ है। यदि कक्षा में कुल 26 छात्र हैं, तो विमल का स्थान दाएँ से कौन-सा होगा?
(a) 20वाँ (b) 42वाँ (c) 19वाँ (d) 18वाँ

80. निकिता की ओर संकेत करते हुए प्रणव ने कहा, "उसका पिता मेरी माँ की बहन का पुत्र है।" निकिता का प्रणव से क्या सम्बन्ध है?
(a) चचेरी बहन (b) भतीजी
(c) बहन (d) दादी

04 सामान्य जागरूकता

81. प्रधानमन्त्री मुद्रा योजना के तहत लाभार्थी को निम्नलिखित में से कौन-सी श्रेणी प्रदान नहीं की जाती है?
(a) शिशु (b) किशोर (c) तरुण (d) वयस्क

82. किस घटना के उपलक्ष्य में पुर्तगालियों ने अंग्रेजों को बम्बई सौंप दिया था?
(a) स्पेन के हाथों से पुर्तगालियों की आजादी
(b) चार्ल्स द्वितीय का पुर्तगाली राजकुमारी कैथरीन ऑफ ब्रैगेंजा से विवाह
(c) 1588 ई. में ब्रिटिशों द्वारा स्पेन के आरमाडा का कुचला जाना
(d) 1630 ई. में मैड्रिड की सन्धि

83. राजीव गांधी के मृत्यु दिवस को ..... के रूप में मनाया जाता है।
(a) शहीद दिवस
(b) राष्ट्रीय अखण्डता दिवस
(c) धर्म-निरपेक्षता दिवस
(d) आतंकवाद विरोधी दिवस

84. 'मनसबदारी' प्रथा किसने शुरू की?
(a) बाबर (b) जहाँगीर
(c) अकबर (d) शेरशाह सूरी

85. मुद्रा स्फीति का आवश्यक गुणधर्म है
(a) कालाबाजारी की अनुपस्थिति
(b) कालाबाजारी की उपस्थिति
(c) मुद्रा का मूल्य गिरना और वस्तु का मूल्य बढ़ना
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

86. राष्ट्रीय राजमार्ग-1 व राष्ट्रीय राजमार्ग-2 किन शहरों को जोड़ते हैं?
(a) अमृतसर-कोलकाता
(b) चेन्नई-कोलकाता
(c) वाराणसी-अहमदाबाद
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

87. निम्नलिखित में से कौन गरम दल के नेता नहीं थे?
(a) बाल गंगाधर तिलक (b) बिपिनचन्द्र पाल
(c) गोपालकृष्ण गोखले (d) लाला लाजपत राय

88. एशिया महाद्वीप की सबसे बड़ी झील निम्न में से कौन-सी है?
(a) बाल्कश झील (b) बैकाल झील
(c) कैस्पियन सागर (d) अरब सागर

89. लोकसभा व राज्यसभा में किस राज्य का सर्वाधिक प्रतिनिधित्व है?
(a) उत्तर प्रदेश (b) पश्चिम बंगाल
(c) बिहार (d) महाराष्ट्र

90. अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह की राजधानी है
(a) पोर्ट ब्लेयर (b) दीव
(c) सिलवासा (d) इनमें से कोई नहीं

91. 38वीं समानान्तर रेखा निम्न में से किन देशों को विभाजित करती है?
(a) भारत एवं पाकिस्तान को
(b) संयुक्त राज्य अमेरिका एवं कनाडा को
(c) उत्तर कोरिया एवं दक्षिण कोरिया को
(d) जर्मनी एवं फ्रांस को

Scanned by CamScanner

92. 'बरकरी' किस भगवान के भक्त है?
(a) भगवान राम
(b) भगवान शिव
(c) पंढरपुर के भगवान विट्ठोबा
(d) शिरडी के साईं

93. HBJ पाइपलाइनें द्वारा कहाँ-से-कहाँ तक प्राकृतिक गैसों की ढुलाई की जाती है?
(a) हाथरस–भटिण्डा–झाँसी
(b) होशंगाबाद–बिलासपुर–जबलपुर
(c) हजीरा–बीजापुर–जगदीशपुर
(d) हिसार–बाड़मेर–जैसलमेर

94. निम्न में से कौन-सी पहाड़ियाँ पूर्वी और पश्चिमी घाट का मिलन स्थल कही जाती है?
(a) नीलगिरी पहाड़ियाँ
(b) शेवरॉय पहाड़ियाँ
(c) कार्डेमम पहाड़ियाँ
(d) अन्नामलाई पहाड़ियाँ

95. मध्य प्रदेश के हस्तकला केन्द्रों का नाम है
(a) कोयल (b) मयूर
(c) किंगफिशर (d) मृगनयनी

96. निम्न में से उत्तरी गोलार्द्ध का सबसे लम्बा दिन कौन-सा है?
(a) 21 मार्च (b) 21 जून
(c) 21 मई (d) 21 सितम्बर

97. 'केन्स अवार्ड' (Cannes Award) किस क्षेत्र में दिया जाता है?
(a) फिल्म (b) पत्रकारिता
(c) साहित्य (d) अर्थशास्त्र

98. इनमें से कौन-सा सिन्धु घाटी सभ्यता के लोगों की जीविका का प्रमुख साधन था?
(a) कृषि व व्यापार
(b) पशुपालन
(c) मत्स्यपालन
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

99. संविधान की उद्देशिका के अनुसार, राज्य हर एक व्यक्ति के सम्मान की रक्षा करेगा, इस उद्देश्य की पूर्ति होती है
(a) प्रत्येक व्यक्ति को पर्याप्त आजीविका साधनों का अधिकार देकर
(b) बिना लिंग भेदभाव के प्रत्येक व्यक्ति को समान कार्य के लिए समान वेतन देकर
(c) प्रत्येक नागरिक को समान मूलभूत अधिकार देकर
(d) प्रत्येक व्यक्ति के लिए उचित एवं मानवोचित कार्य परिस्थिति उपलब्ध कराकर

100. निम्न में से किसने काकोरी काण्ड में भाग लिया था?
(a) खुदीराम बोस
(b) भगत सिंह
(c) रामप्रसाद बिस्मिल
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

✓उत्तरमाला

1.	(a)	2.	(c)	3.	(b)	4.	(c)	5.	(d)	6.	(c)	7.	(a)	8.	(c)	9.	(b)	10.	(d)
11.	(b)	12.	(d)	13.	(c)	14.	(a)	15.	(a)	16.	(c)	17.	(a)	18.	(d)	19.	(c)	20.	(b)
21.	(a)	22.	(b)	23.	(b)	24.	(c)	25.	(b)	26.	(a)	27.	(c)	28.	(b)	29.	(d)	30.	(a)
31.	(b)	32.	(b)	33.	(a)	34.	(c)	35.	(d)	36.	(b)	37.	(a)	38.	(c)	39.	(c)	40.	(b)
41.	(d)	42.	(c)	43.	(c)	44.	(b)	45.	(b)	46.	(c)	47.	(c)	48.	(c)	49.	(a)	50.	(d)
51.	(a)	52.	(b)	53.	(c)	54.	(c)	55.	(d)	56.	(a)	57.	(d)	58.	(a)	59.	(d)	60.	(a)
61.	(d)	62.	(c)	63.	(a)	64.	(b)	65.	(c)	66.	(c)	67.	(c)	68.	(d)	69.	(a)	70.	(a)
71.	(d)	72.	(d)	73.	(b)	74.	(d)	75.	(d)	76.	(d)	77.	(b)	78.	(a)	79.	(a)	80.	(b)
81.	(d)	82.	(b)	83.	(d)	84.	(c)	85.	(c)	86.	(a)	87.	(c)	88.	(c)	89.	(a)	90.	(a)
91.	(c)	92.	(c)	93.	(c)	94.	(a)	95.	(d)	96.	(b)	97.	(a)	98.	(a)	99.	(c)	100.	(c)

व्याख्या एवं हल

1. यूट्रीकुलेरिया जलीय तथा कीटभक्षी पौधा है। यह सूक्ष्म जलीय जीवों को अपना शिकार बनाता है तथा उनसे पोषण प्राप्त करता है।

2. कपास के बीज के छोल में बाह्य उपत्वचा की कोशिकाएँ लम्बी होकर रेशे का रूप धारण कर लेती हैं। इसको ही कपास का रेशा कहते हैं।

3. कैक्टस पादप अपने रन्ध्र दिन में बन्द रखते हैं। इस प्रकार ये वाष्पीकरण की प्रक्रिया द्वारा जल के ह्रास को रोक पाते हैं। रात में रन्ध्रों को खुला रखकर ये प्रकाश-संश्लेषण के लिए CO_2 का स्थिरीकरण कर लेते हैं।

5. कॉपर की प्लेट को नम हवा में खुला रखने पर यह वायुमण्डलीय CO_2, नमी तथा O_2 के साथ क्रिया करके कॉपर कार्बोनेट तथा कॉपर हाइड्रॉक्साइड के मिश्रण में परिवर्तित हो जाता है, जिसका रंग हरा होता है।

$$2Cu + CO_2 + H_2O + O_2 \rightarrow CuCO_3 + Cu(OH)_2$$

7. संयोजी ऊतक शरीर के विभिन्न भागों में फैला होता है तथा शरीर के विभिन्न भागों को बनाता है। इस ऊतक का मुख्य कार्य अंगों को सहारा देना है। इसकी उत्पत्ति भ्रूण के मीसोडर्म से होती है।

9. अण्डा प्रोटीन का उत्तम स्रोत है, इसमें लगभग 13% प्रोटीन पाया जाता है। अण्डे में पाया जाने वाला विटामिन 'ग्लोब्युलिन' है।

10. केले में अपस्थानिक मूल पाई जाती है, क्योंकि यह मूलांकुर के अतिरिक्त पादप के अन्य किसी भाग से विकसित होने वाली जड़ है। इस प्रकार की जड़ें एकबीजपत्री पौधों में पाई जाती हैं।

11. आम एक द्विबीजपत्री पादप है, क्योंकि इसके बीज में दो बीजपत्र उपस्थित होते हैं; जबकि घास व मक्का एकबीजपत्री पादप हैं। द्विबीजपत्री पादप के संवहन पूल में कैम्बियम (ऐधा) पाई जाती है। अतः इसमें द्वितीयक वृद्धि पाई जाती है।

12. दूध, शहद तथा एल्कोहॉल जल के साथ हाइड्रोजन बन्ध बनाते हैं। अतः ये जल में विलेय हैं, लेकिन तेल एक असंतृप्त एस्टर होने के कारण जल के साथ हाइड्रोजन बन्ध नहीं बनाता है, जिस कारण यह जल में घुलनशील नहीं है।

13. केरोसिन जलने के पश्चात् पुनः पूर्व अवस्था में प्राप्त नहीं हो सकता। अतः व्युत्क्रमी परिवर्तन नहीं है; जबकि शेष अन्य ताप परिवर्तन द्वारा पूर्व अवस्था में प्राप्त किए जा सकते हैं।

14. क्वार्ट्ज (SiO_2) में सिलिकॉन तथा ऑक्सीजन अवयव के रूप में उपस्थित होते हैं।

15. आसवन विधि द्वारा शुद्ध या संघनित किया गया जल, आसुत जल कहलाता है। इसका उपयोग जैविक और रासायनिक प्रयोगशालाओं, बैट्री आदि में किया जाता है।

Scanned by CamScanner

16. ईंधनों के कैलोरी मानों का क्रम क्रमशः निम्नवत् है द्रवित पेट्रोलियम गैस (LPG) > सम्पीड़ित प्राकृतिक गैस (CNG) > पेट्रोल = डीजल हाइड्रोजन का ऊष्मीय मान सर्वाधिक होता है। ईंधन के ऊष्मीय मान को किलोजूल/किलोग्राम में व्यक्त किया जाता है।

17. प्रोटिस्टा जगत् में सभी जीव एककोशिकीय एवं मुख्यतः जलीय यूकैरियोटिक होते हैं। उदाहरण–*यूग्लीना, पैरामीशियम* और *अमीबा*।

18. जब कंघी को सूखे बालों में घुमाया जाता है, तो घर्षण के कारण कंघी में विद्युत आवेश उत्पन्न हो जाता है जिस कारण कागज के छोटे टुकड़े कंघी की ओर आकर्षित होते हैं।

19. राइबोसोम का मुख्य कार्य प्रोटीन के संश्लेषण में भाग लेना है। राइबोसोम राइबो न्यूक्लिक अम्ल (RNA) एवं प्रोटीन के बने होते हैं।

20. ओजोन का सूत्र O_3 होता है। ओजोन के एक अणु में ऑक्सीजन के तीन परमाणु होते हैं।

21. बल का मापन स्प्रिंग तुला द्वारा किया जा सकता है, क्योंकि जब स्प्रिंग तुला पर द्रव्यमान लटकाते हैं, तो स्प्रिंग में विस्तारण होता है, जो गुरुत्वाकर्षण बल के विरुद्ध होता है। अतः सन्तुलित अवस्था में स्प्रिंग तुला बल को प्रदर्शित करता है।

22. दलपुंज (Corolla) पुष्प का सर्वाधिक चमकीला, आकर्षक एवं द्वितीयक चक्र है, जो फूलों को आकर्षक रूप प्रदान करता है तथा कीटों को परागण हेतु अपनी ओर आकर्षित करता है।

23. लोहे पर जंग लगना तथा श्वसन दोनों ही रासायनिक परिवर्तन हैं। ये दोनों प्रक्रियाएँ बहुत धीरे-धीरे सम्पादित होती हैं, इसी कारण इनको मन्द दहन कहते हैं।

24. चुम्बक पत्थर प्राकृतिक चुम्बक का उदाहरण है, जो रासायनिक रूप से लोहे का ऑक्साइड (Fe_3O_4) है। लोहा तथा कोबाल्ट को हम कृत्रिम विधियों से चुम्बक बना सकते हैं।

25. रुधिर संवहन जो कोशिकाओं से आरम्भ होकर कोशिकाओं में ही समाप्त हो जाता है, उसे लसिका संवहन कहा जाता है। लसिका अर्द्ध-पारदर्शी क्षारीय तरल है, जो रुधिर कोशिकाओं तथा ऊतकों के बीच स्थित होता है।

26. 27, 35, 25 और 21 का ल.स. निकालने पर,

3	27, 35, 25, 21
5	9, 35, 25, 7
7	9, 7, 5, 7
	9, 1, 5, 1

$\therefore$ ल.स. $= 3 \times 5 \times 7 \times 9 \times 5$
$= 4725$
अतः अभीष्ट संख्या $= 4725 - 3$
$= 4722$

27. माना संख्याएँ x, $3x$, $4x$ तथा $7x$ हैं।
तब, $x + 3x + 4x + 7x = 105$
$\Rightarrow \quad 15x = 105$
$\therefore \quad x = 7$
$\therefore$ सबसे बड़ी संख्या $= 7x = 7 \times 7 = 49$

28. माना वह संख्या x है।
तब प्रश्नानुसार, $53x = 35x + 1206$
$\Rightarrow \quad 18x = 1206$
$\therefore \quad x = 67$
अतः वह संख्या 67 है।

29. माना P तथा Q अकेले कार्य को क्रमशः x तथा y दिनों में करते हैं।

अतः $$\frac{1}{x} + \frac{1}{y} = \frac{1}{36} \quad \ldots(i)$$

प्रश्नानुसार,
$$30 \times \left(\frac{1}{x} + \frac{1}{y}\right) + \frac{1}{x} \times 10 = 1$$
समी. (i) का मान रखने पर,
$$30 \times \left(\frac{1}{36}\right) + \frac{10}{x} = 1$$
$$\Rightarrow \quad \frac{10}{x} = 1 - \frac{30}{36} = \frac{6}{36}$$
$$\therefore \quad x = 60 \text{ दिन}$$
समी. (i) में x का मान रखने पर,
$$\frac{1}{60} + \frac{1}{y} = \frac{1}{36}$$
$$\Rightarrow \quad \frac{1}{y} = \frac{1}{36} - \frac{1}{60} = \frac{5-3}{180}$$
$$\therefore \quad \frac{1}{y} = \frac{2}{180} = \frac{1}{90}$$
अतः Q अकेले उस कार्य को 90 दिन में पूरा कर लेगा।

30. $\because P = \frac{2}{3}Q$ तथा $Q = \frac{1}{4}R$
$$\therefore \quad P = \frac{2}{3} \times \frac{1}{4} R = \frac{R}{6}$$
$$\because \quad P + Q + R = 680$$
$$\Rightarrow \quad \frac{R}{6} + \frac{1}{4}R + R = 680$$
$$\Rightarrow \quad \frac{2R + 3R + 12R}{12} = 680$$
$$\Rightarrow \quad \frac{17R}{12} = 680$$
$$\therefore \quad R = 680 \times \frac{12}{17} = ₹480$$
अतः R को ₹480 मिलते हैं।

31. $A : B : C$

$2 : 3$
$\quad 4 : 5$
$8 : 12 : 15$

$\therefore$ अभीष्ट अनुपात $= 8 : 12 : 15$

32. माना बोतल में शहद एवं पानी की मात्रा क्रमशः $5x$ तथा $2x$ है।
$\therefore \quad 5x + 2x = 49$
$\Rightarrow \quad 7x = 49 \Rightarrow x = 7$
$\therefore$ शहद $= 5 \times 7 = 35$ लीटर
पानी $= 2 \times 7 = 14$ लीटर
माना मिश्रण में y लीटर पानी मिलाया जाना चाहिए।
तब, $$\frac{35}{14 + y} = \frac{7}{4}$$
$$\Rightarrow \quad 14 + y = 20$$
$$\therefore \quad y = 6$$
अतः मिलाया गया पानी = 6 लीटर

33. माना 8% लाभ वाला भाग $= x$
तब प्रश्नानुसार,
x का 8% + (50 – x) का 18% = 50 कुन्तल का 14%
$$\Rightarrow \quad \frac{8x}{100} + \frac{(50 - x) \times 18}{100} = 50 \times \frac{14}{100}$$
$$\Rightarrow \quad 8x + 900 - 18x = 700$$
$$\Rightarrow \quad -10x = -200$$
$$\therefore \quad x = 20 \text{ कुन्तल}$$
अभीष्ट मात्रा $= (50 - x)$ कुन्तल
$= (50 - 20) = 30$ कुन्तल

34. $1 \div [1 + 1 \div \{1 + 1 \div (1 + 1 \div 2)\}]$
$= 1 \div [1 + 1 \div \{1 + 1 \div (1 + 1/2)\}]$
$= 1 \div [1 + 1 \div \{1 + 1 \div 3/2\}]$
$= 1 \div [1 + 1 \div \{1 + 2/3\}]$
$= 1 \div [1 + 1 \div 5/3] = 1 \div [1 + 3/5]$
$= 1 \div 8/5 = 5/8$

35. $\because$ 1166400 में अंकों की संख्या $n = 7$ (विषम) है।
$\therefore$ अभीष्ट अंकों की संख्या
$$= \frac{n+1}{2} = \frac{7+1}{2} = \frac{8}{2} = 4$$

36. अभीष्ट वृद्धि $= 2x + \frac{x^2}{100}$
$$= \left(2 \times 10 + \frac{10 \times 10}{100}\right)\% = 21\%$$

37. ब्याज $= 1800 - 1200 = ₹600$
$$\because \quad \text{SI} = \frac{P \times R \times T}{100}$$
$$\Rightarrow \quad 600 = \frac{1200 \times 10 \times T}{100}$$
$$\therefore \quad T = 5 \text{ वर्ष}$$

38. माना 10 दिनों में 15 भैंसों द्वारा x किग्रा घास खाई जाएगी।
सूत्र $\frac{M_1 D_1}{W_1} = \frac{M_2 D_2}{W_2}$ से,
$$\frac{12 \times 7}{756} = \frac{10 \times 15}{x}$$
$$\Rightarrow \quad \frac{1}{9} = \frac{150}{x}$$
$$\therefore \quad x = 1350 \text{ किग्रा}$$
अतः अभीष्ट मात्रा = 1350 किग्रा

Scanned by CamScanner

39. माना संख्या = x

तब, x का $75\% + 75 = x$

$\Rightarrow \quad \frac{75x}{100} + 75 = x$

$\Rightarrow \quad 75 = x - \frac{3x}{4}$

$\Rightarrow \quad \frac{x}{4} = 75$

$\therefore \quad x = 300$

40. दूसरी संख्या $= \frac{\text{ल.स.} \times \text{म.स.}}{\text{पहली संख्या}}$

$= \frac{12 \times 336}{84} = 48$

41. सबसे लम्बी छड़ की लम्बाई

= विकर्ण $= \sqrt{l^2 + b^2 + h^2}$

$= \sqrt{(5)^2 + (4)^2 + (3)^2}$

$= \sqrt{25 + 16 + 9}$

$= \sqrt{50} = 5\sqrt{2}$ मी

42. माना प्राचार्य की आयु y तथा छात्रों की आयु क्रमशः $x_1, x_2, \ldots x_{24}$ है।

$\therefore \quad \frac{x_1 + x_2 + \ldots + x_{24} + y}{25} = 15$

$\therefore \quad x_1 + x_2 + \ldots + x_{24} + y = 375 \quad \ldots(i)$

प्रश्नानुसार, प्राचार्य को समूह से अलग रखने पर,

$\frac{x_1 + x_2 + \ldots + x_{24}}{24} = 14$

$\therefore \quad x_1 + x_2 + \ldots + x_{24} = 336 \quad \ldots(ii)$

समी. (i) में से समी. (ii) को घटाने पर,

$y = 375 - 336 = 39$ वर्ष

अतः प्राचार्य की आयु 39 वर्ष है।

43. रेलगाड़ी की चाल = 36 किमी/घण्टा

$= 36 \times \frac{5}{18}$ मी/से

= 10 मी/से

समय = 8 सेकण्ड

अतः रेलगाड़ी की लम्बाई = चाल × समय

$= 10 \times 8 = 80$ मी

44. माना माया और छाया की वर्तमान आयु क्रमशः $6x$ वर्ष तथा $5x$ वर्ष है।

प्रश्नानुसार, $\frac{6x + 15}{5x + 15} = \frac{9}{8}$

$\Rightarrow \quad 48x + 120 = 45x + 135$

$\Rightarrow \quad 3x = 15$

$\therefore \quad x = 5$

$\therefore$ माया की वर्तमान आयु $= 6x = 6 \times 5 = 30$ वर्ष

45. अभीष्ट प्रतिशत कमी $= \frac{40}{(100 + 40)} \times 100$

$= \frac{40}{140} \times 100$

$= \frac{200}{7} = 28\frac{4}{7}\%$

46. चक्रवृद्धि ब्याज

$= \text{मूलधन}\left(1 + \frac{\text{दर}}{100}\right)^{\text{समय}} - \text{मूलधन}$

$\Rightarrow 672 = 3200\left(1 + \frac{10}{100}\right)^{\text{समय}} - 3200$

$\Rightarrow 3200\left(1 + \frac{10}{100}\right)^{\text{समय}} = 3872$

$\Rightarrow \quad \left(1 + \frac{10}{100}\right)^{\text{समय}} = \frac{3872}{3200}$

$\Rightarrow \quad \left(\frac{11}{10}\right)^{\text{समय}} = \frac{121}{100}$

$\Rightarrow \quad \left(\frac{11}{10}\right)^{\text{समय}} = \left(\frac{11}{10}\right)^2$

$\therefore \quad$ समय = 2 वर्ष

47. $40\% = ₹\ 750$

$\therefore 1\% = ₹\ \frac{750}{40}$

$\therefore$ बच्चों की शिक्षा पर प्रतिमाह व्यय

$= ₹\frac{750}{40} \times 10$

अतः बच्चों की शिक्षा पर वार्षिक व्यय

$= \frac{750}{40} \times 10 \times 12 = ₹2250$

48. यदि किसी संख्या का घन किया जाए, तो 0 से 9 तक कोई भी संख्या इकाई के स्थान पर आ सकती है।

49. $2^{50} \times 2 = 2^{50+1} = 2^{51}$

50. $0.5 \div 0.125 = ?$

$\Rightarrow \quad ? = \frac{0.5}{0.125}$

$\Rightarrow \quad ? = \frac{500}{125}$

$\therefore \quad ? = 4$

51. जिस प्रकार,



उसी प्रकार,



52. जिस प्रकार,

$(3)^3 + 3 = 27 + 3 = 30$

उसी प्रकार,

$(7)^3 + 7 = 343 + 7 = \boxed{350}$

53. जिस प्रकार, शैवाल विज्ञान के अन्तर्गत शैवाल का अध्ययन किया जाता है; उसी प्रकार, रुधिर विज्ञान के अन्तर्गत रक्त का अध्ययन किया जाता है।

54. मोटर चालकों को अपने वाहनों में पीछे निहारने के लिए चालक दर्पण अवश्य रखना चाहिए, जिससे कि वे अपने पीछे आने वाले यातायात को देख सकें। अतः केवल निष्कर्ष I अन्तर्निहित है।

55. संख्या शृंखला का क्रम निम्नवत् है



अतः प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर संख्या 28 आएगी।

56. अक्षर शृंखला का क्रम निम्नवत् है



अतः प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर अक्षर समूह DI आएगा।

57. जिस प्रकार,

$7 + 1 + 8 = 16$

$3 + 1 + 8 = 12$

तथा $4 + 2 + 2 = 8$

जबकि $3 + 8 + 2 = 13 \neq 18$

अतः 382-18 अन्य सभी से भिन्न है।

58. कथनानुसार, वेन आरेख निम्नवत् है

निष्कर्ष

I. सम्भवतः सत्य] या
II. सम्भवतः सत्य]
III. असत्य
IV. असत्य

अतः या तो निष्कर्ष I या II निकलता है।

59. जिस प्रकार,



उसी प्रकार,



60. जिस प्रकार,

$(11)^2 \longrightarrow 121$

उसी प्रकार,

$(111)^2 \longrightarrow \boxed{12321}$

Scanned by CamScanner

61. शृंखला का क्रम निम्नवत् है



अतः लुप्त अक्षर-संख्या समूह P153J है।

62. शृंखला का क्रम निम्नवत् है



अतः शृंखला का लुप्त पद (?) 89 है।

63. मेज और कुर्सी दो भिन्न गुण वाली वस्तुएँ हैं, जो एक जाति (फर्नीचर) के अन्तर्गत आते हैं। अतः इन्हें एक ही प्रकार की आकृति/आकृतियों से प्रदर्शित करना उपयुक्त होगा। अतः उपयुक्त आरेख निम्नवत् है



64. विकल्प (b) से, $30 - 5 + 12 \div 8 \times 12 = 76$

प्रश्नानुसार, गणितीय चिह्नों को बदलने पर,

$30 \div 5 \times 12 - 8 + 12 = 76$

$\Rightarrow \quad 6 \times 12 - 8 + 12 = 76$

$\Rightarrow \quad 72 - 8 + 12 = 76$

$\Rightarrow \quad 84 - 8 = 76 \Rightarrow \quad 76 = 76$

65. जिस प्रकार, REASON में कुल अक्षर = 6,
तब इसे कोड भाषा में, 6 – 1 = 5 लिखा जाता है तथा BELIEVED में कुल अक्षर = 8,
तब इसे कोड भाषा में 8 – 1 = 7 लिखा जाता है। उसी प्रकार, GOVERNMENT में कुल अक्षर = 10, तब इसे कोड भाषा में, 10 – 1 = 9 लिखा जाएगा।

66. प्रश्नानुसार, शब्दों के सम्बन्ध का आरेख प्रतिरूप निम्न प्रकार होगा

कुछ गहने सोने के तथा कुछ गहने चाँदी के बने होते हैं।

67. प्रश्नानुसार, ऊँचाई के क्रम में व्यवस्थित करने पर,
पूर्वी > मीनू > कल्पना > प्राची > गीता
अतः इनमें से मध्य में कल्पना होगी।

68. जिस प्रकार,



तथा

उसी प्रकार,

अतः LOVE ⇒ OLEV

69. 

स्पष्ट है कि NPR अन्य सभी से भिन्न है।

70. 'निदेशक' अन्य शब्दों से भिन्न है।

71. मनीष $\xrightarrow{+314 \text{ दिन}}$ सुरेश $\xrightarrow{+70 \text{ सप्ताह}}$ सोनम

∴ मनीष से सोनम = 314 + 70 × 7
= 314 + 490
= 804 दिन बड़ी है।

अब, $\frac{804}{7}$ = 114 भागफल तथा 6 शेषफल

∵ सोनम का जन्मदिन = बुधवार
∴ मनीष का जन्मदिन = बुधवार – 6
= बृहस्पतिवार

अतः मनीष का जन्म बृहस्पतिवार को हुआ था।

72. जिस प्रकार,



उसी प्रकार,



अतः SUCCESS ⇒ VXFFHVV

73. प्रश्नानुसार,



अतः उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि E, C का बहनोई है।

74. पासे की स्थिति III और IV से, पासे की दोनों स्थितियों में एक बिन्दु वाली सतह उभयनिष्ठ तथा एक ही सतह (सामने वाली सतह) पर स्थित है। इस कारण ऊपर की सतह एक-दूसरे की विपरीत होंगी।

∴ 2 बिन्दु वाली सतह के विपरीत सतह पर 6 बिन्दु वाली सतह होगी।

75. दी गई आकृति, विपरीत सतह,



बनने वाली आकृति,

76. अभीष्ट जोड़े,



शब्द DOUBTS में ऐसे दो जोड़े (O-S तथा S-T) हैं।

77. तीनों भाषाएँ जानने वाले व्यक्तियों की संख्या = 100
संस्कृत न जानने वाले व्यक्तियों की संख्या = 200 + 120 + 220 = 540
अभीष्ट अनुपात = 100 : 540 = 5 : 27

78. प्रश्नानुसार,



स्पष्ट है कि मिनट की सूई यदि पश्चिम दिशा की ओर है, तो घण्टे की सूई उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर होगी।

79. प्रश्नानुसार,



विमल का दाएँ से स्थान
= (कुल छात्र – विमल की बाएँ से स्थिति) + 1
= (26 – 7) + 1
= 19 + 1
= 20वाँ
अतः विमल दाएँ से 20वाँ है।

Scanned by CamScanner

80. प्रश्नानुसार, सम्बन्ध आरेख निम्नवत् है

निकिता, प्रणव के मौसेरे भाई की पुत्री है। मौसेरे भाई की पुत्री भतीजी होती है। अतः निकिता, प्रणव की भतीजी है।

82. इंग्लैण्ड के राजकुमार चार्ल्स द्वितीय के पुर्तगाली राजकुमारी कैथरीन ऑफ ब्रैगेंजा से विवाह के उपलक्ष्य में पुर्तगालियों ने अंग्रेजों को बम्बई उपहार के रूप में दिया था।

83. राजीव गांधी की मृत्यु 21 मई, 1991 को एक आतंकी हमले में, तमिलनाडु के श्रीपेरम्बदूर में हुई थी इसलिए 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

84. मनसबदारी प्रथा की शुरुआत अकबर ने की थी। इस प्रथा का उद्देश्य सैन्य व्यवस्था को संगठित करना था। मुगल सम्राट द्वारा शाही सेना को 'मनसब' या 'पद' प्रदान किया जाता था, जो प्रतिष्ठा सूचक था। जो व्यक्ति मनसब प्राप्त करता था, उसे 'मनसबदार' कहा जाता था।

85. मुद्रा प्रसार या मुद्रा स्फीति वह अवस्था है, जिससे मुद्रा का मूल्य गिर जाता है और वस्तु की कीमतें बढ़ जाती हैं। अतः मुद्रा स्फीति का अर्थ मूल्यों के बढ़ने से है।

86. राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 1 एवं 2 को सम्मिलित रूप से ग्राण्ड ट्रंक रोड कहते हैं। यह दिल्ली से होते हुए अमृतसर एवं कोलकाता को जोड़ता है।

88. एशिया महाद्वीप की सबसे बड़ी झील कैस्पियन सागर है। यह खारे पानी की झील है। इसका कुल क्षेत्रफल 371000 वर्ग किमी है। यह रूस, कजाकिस्तान तथा तुर्कमेनिस्तान में विस्तृत है।

92. 'बरकरी' समुदाय पंढरपुर के भगवान विट्ठोबा के भक्त हैं। बारकारी महाराष्ट्र से सम्बन्ध रखते हैं। विट्ठोबा कृष्ण की भक्ति पर आश्रित एक समुदाय है।

93. HBJ गैस पाइप लाइन से हजीरा-बीजापुर-जगदीशपुर तक प्राकृतिक गैसों की ढुलाई की जाती है। हजीरा-बीजापुर-जगदीशपुर (HBJ) की कुल लम्बाई 1750 किमी है। यह कावस (गुजरात), अन्ता (राजस्थान) तथा औरैया (उत्तर प्रदेश) के तीन विद्युत स्टेशनों तथा विजयपुर, सवाई-माधोपुर, जगदीशपुर, शाहजहाँपुर, आँवला तथा बबराला के छः उर्वरक संयन्त्रों को प्राकृतिक गैस पहुँचाती है।

94. जहाँ पूर्वी एवं पश्चिमी घाट मिलते हैं वहाँ नीलगिरी पहाड़ियाँ पाई जाती हैं। नीलगिरी की पहाड़ियाँ तमिलनाडु राज्य में हैं। इसका सर्वोच्च शिखर दोदाबेटा (2637 मी) है।

95. मृगनयनी मध्य प्रदेश हस्तशिल्प एवं हस्तकरघा विकास निगम लिमिटेड द्वारा विकसित कला एवं निर्माण का प्रमुख केन्द्र है, जिसके अन्तर्गत धातु सामग्री, बर्तन, चित्रकला, आभूषण, टेक्सटाइल आदि प्रमुख रूप से बनाए जाते हैं।

97. केन्स अवार्ड फिल्म के क्षेत्र में दिया जाने वाला फ्रांस का सर्वोच्च सम्मान है। इसकी स्थापना लैम्बर्ट विल्सन ने वर्ष 1946 में की थी।

98. सिन्धु घाटी सभ्यता के लोगों की जीविका का मुख्य साधन कृषि एवं व्यापार था। यह एक नगरीय सभ्यता थी। यहाँ का विदेशी व्यापार उन्नत दशा में था।

99. संविधान की उद्देशिका के अनुसार, राज्य हर एक व्यक्ति के सम्मान की रक्षा करेगा, इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक नागरिक को समान मूलभूत अधिकार प्रदान किया गया है।

100. 19 अगस्त, 1925 को हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सदस्यों ने सहारनपुर-लखनऊ लाइन पर 8 डाउन रेलगाड़ी को काकोरी नामक गाँव में रोककर रेल विभाग के खजाने को लूट लिया था। सरकारी खजाना लूटने का विचार रामप्रसाद बिस्मिल का था।

Scanned by CamScanner